# रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

## सीईएन - 07/2025 - एनटीपीसी पूर्व-स्नातक स्तर - CEN - 07/2025 - NTPC UNDER GRADUATE LEVEL

| | |
|---|---|
| Test Date | 19/06/2026 |
| Test Time | 4:30 PM - 6:00 PM |
| Subject | RRB NTPC UnderGraduate CBT I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **Mathematics**

**Q.1** 7 क्रमागत सम संख्याओं का औसत 32 है। इनमें से सबसे छोटी और सबसे बड़ी संख्याओं का योग ज्ञात कीजिए।

**Ans**
✗ A. 66
✓ B. 64
✗ C. 68
✗ D. 62

**Q.2** यदि 31 × 13 + 18 × 86 – 86 = y है, तो y का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
✗ A. 1965
✗ B. 1665
✓ C. 1865
✗ D. 1765

**Q.3** एक कारखाने में तीन प्रकार की मशीनों A, B और C का उत्पादन किया जाता है। एक सप्ताह में, A के 12 यूनिट (प्रत्येक का औसत वजन 47 kg), B के 8 यूनिट (प्रत्येक का औसत वजन 62 kg), और C के 15 यूनिट (प्रत्येक का औसत वजन 53 kg) निर्मित किए जाते हैं। उस सप्ताह में उत्पादित मशीनों का भारित औसत वजन क्या है?

**Ans**
✗ A. 51 kg
✗ B. 52.5 kg
✓ C. 53 kg
✗ D. 54 kg

**Q.4** एक कार 360 km की दूरी एकसमान चाल से 8 घंटे में तय करती है। इसकी चाल (मीटर प्रति सेकंड में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
✗ A. 12 m/s
✗ B. 13 m/s
✓ C. 12.5 m/s
✗ D. 13.5 m/s

Test Prime By Adda247

# ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

Test. Analyze. Improve. Repeat.

## Don't just prepare. Perform.

Test Prime — built only for mock tests.

**1,50,000+** Mock Tests

**25,000+** Previous Year Papers

**800+** Exam Covered

**500% Refund** on Selection

**5 lakh+** Free Quizzes

**Daily** Free PDFs

**Job Alerts** Stay Updated

- Multilingual
- Detailed Solution
- Strong and Weak Areas

**All India Rankings**
Compete with lakhs.
Rank. Improve. Repeat.

Adda247 test prime

Rating | Editors' choice | New

Adda247 Test Prime
Adda Education • Education
Installed

DOWNLOAD THE APP

**Q.5** A, B और C किसी व्यवसाय में साझेदार हैं। A, जिसकी धनराशि का उपयोग 4 महीने के लिए किया गया है, लाभ के $\frac{1}{8}$ की मांग करता है। B, जिसकी धनराशि का उपयोग 6 महीने के लिए किया गया है, लाभ के $\frac{1}{8}$ की मांग करता है। C ने 8 महीने के लिए ₹1560 का निवेश किया था। A ने कितनी धनराशि का योगदान किया था?

**Ans**
- ✗ A. ₹794
- ✗ B. ₹690
- ✗ C. ₹810
- ✓ D. ₹720

**Q.6** ₹25,600 की धनराशि पर वार्षिक रूप से संयोजित होने वाले $12\frac{1}{2}$% वार्षिक ब्याज की दर से 2 वर्ष 3 महीने के लिए चक्रवृद्धि ब्याज ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. ₹10,580.50
- ✓ B. ₹7,812.50
- ✗ C. ₹9,750.50
- ✗ D. ₹8,650.50

**Q.7** एक वस्तु को 20% लाभ पर बेचा जाता है। यदि विक्रय मूल्य में 10% की कमी कर दी जाए, तो लाभ प्रतिशत कितना होगा?

**Ans**
- ✓ A. 8%
- ✗ B. 12%
- ✗ C. 20%
- ✗ D. 6%

**Q.8** यदि किसी राशि को 8% वार्षिक साधारण ब्याज दर पर 9 महीने के लिए निवेश किया जाता है और उस पर ₹18,000 ब्याज के रूप में प्राप्त होता है, तो निवेश की गई मूल राशि कितनी थी?

**Ans**
- ✗ A. ₹3,50,000
- ✗ B. ₹2,50,000
- ✗ C. ₹4,00,000
- ✓ D. ₹3,00,000

**Q.9** पाइप C और D क्रमशः 6 घंटे और 4 घंटे में 3,000 लीटर का टैंक भर सकते हैं। दोनों मिलकर 6,000 लीटर का टैंक कितने घंटे में भरेंगे?

**Ans**
- ✓ A. 4.8 घंटे
- ✗ B. 4.44 घंटे
- ✗ C. 3.5 घंटे
- ✗ D. 6 घंटे

**Q.10** $\left\{\left(\frac{13}{33}\right) \div \left(\frac{13}{7}\right)\right\} \div \left(\frac{2}{8} x \frac{16}{6} + \frac{5}{11}\right) + \frac{7}{3} \div \frac{37}{20} \text{ of} \frac{20}{3}$ को सरलीकृत कीजिए।

**Ans**
- ✓ A. $\frac{14}{37}$
- ✗ B. $\frac{19}{44}$
- ✗ C. $\frac{17}{29}$
- ✗ D. $\frac{17}{42}$

Q.11 फ्रूट पंच बनाने के लिए, 2 लीटर संतरे के रस को 5 लीटर पानी के साथ मिलाया जाता है। यदि 5 लीटर संतरे का रस उपयोग किया जाता है, तो कितना पानी आवश्यक होगा?

Ans
- ✗ A. 10 लीटर
- ✗ B. 18 लीटर
- ✗ C. 15.5 लीटर
- ✓ D. 12.5 लीटर

Q.12 वह सबसे छोटा धनात्मक पूर्णांक ज्ञात कीजिए जिसे 3 से विभाजित करने पर शेषफल 2 प्राप्त होता है, 4 से विभाजित करने पर शेषफल 3 प्राप्त होता है और 5 से विभाजित करने पर शेषफल 4 प्राप्त होता है।

Ans
- ✗ A. 53
- ✗ B. 69
- ✗ C. 50
- ✓ D. 59

Q.13 यदि 9 श्रमिकों की 8 दिनों की मजदूरी ₹2,880 है, तो उसी दर पर 15 श्रमिकों की 9 दिनों की मजदूरी कितनी होगी?

Ans
- ✗ A. ₹3,880
- ✗ B. ₹3,600
- ✓ C. ₹5,400
- ✗ D. ₹3,520

Q.14 सूर्य का उन्नयन कोण 60° से 45° होने पर, एक मीनार की छाया में 20 m की वृद्धि हो जाती है। मीनार की लंबाई (दशमलव के एक स्थान तक पूर्णांकित, m में) ज्ञात कीजिए।
($\sqrt{3} = 1.7$ का उपयोग करें)

Ans
- ✓ A. 48.6
- ✗ B. 24.7
- ✗ C. 17.4
- ✗ D. 27.5

Q.15 एक वस्तु को 38% के लाभ पर बेचा जाता है। यदि क्रय मूल्य में ₹20 की वृद्धि की जाए और विक्रय मूल्य में ₹45 की कमी की जाए, तो लाभ 37.5% होगा। वस्तु का मूल क्रय मूल्य (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 14,400
- ✓ B. 14,500
- ✗ C. 14,700
- ✗ D. 14,300

Q.16 किसी संख्या को दो भागों में इस प्रकार विभाजित किया जाता है कि एक भाग, दूसरे भाग से 10 अधिक है। यदि उनका अनुपात 6 : 4 है, तो संख्या के दोनों भाग ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 32 और 20
- ✗ B. 32 और 22
- ✓ C. 30 और 20
- ✗ D. 34 और 24

Q.17 संपूर्ण पृथ्वी पर भूमि और जल का अनुपात 1:3 है, जबकि उत्तरी गोलार्ध में यह 2:5 है। यदि उत्तरी तथा दक्षिणी गोलार्ध का क्षेत्रफल बराबर हैं, तो दक्षिणी गोलार्ध में भूमि और जल का अनुपात कितना होगा?

Ans
- ✗ A. 7:5
- ✗ B. 11:7
- ✗ C. 1:5
- ✓ D. 3:11

| | | |
|---|---|---|
| Q.18 | ABCD एक चतुर्भुज है जिसमें AB ‖ DC है, तथा E और F क्रमशः विकर्ण AC और BD के मध्य बिंदु हैं। यदि AB = 23 cm, BC = 91 cm, DC = 35 cm, और AD = 62 cm है, तो EF की लंबाई (cm में) कितनी है? |
| Ans | ✗ A. 7<br>✗ B. 9<br>✔ C. 6<br>✗ D. 8 |

| | |
|---|---|
| Q.19 | दो धनात्मक संख्याओं का योगफल 13 है और उनका गुणनफल 30 है। उनके बीच का धनात्मक अंतर ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ A. 8<br>✗ B. 12<br>✔ C. 7<br>✗ D. 9 |

| | |
|---|---|
| Q.20 | चार वर्ष पहले रवि की आयु, कविराज की आयु की तीन गुना थी। वर्तमान में रवि की आयु, कविराज की आयु की दोगुनी है। रवि की वर्तमान आयु ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ A. 10 वर्ष<br>✗ B. 14 वर्ष<br>✗ C. 8 वर्ष<br>✔ D. 16 वर्ष |

| | |
|---|---|
| Q.21 | 64 cm भुजा वाले घन का संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल कितना होगा? |
| Ans | ✗ A. 24,528 $cm^2$<br>✗ B. 24,548 $cm^2$<br>✔ C. 24,576 $cm^2$<br>✗ D. 24,589 $cm^2$ |

| | |
|---|---|
| Q.22 | एक सम बहुभुज में 45 भुजाएं हैं, जिनमें से प्रत्येक की लंबाई 2 cm है। बहुभुज का क्षेत्रफल ($cm^2$) कितना होगा? |
| Ans | ✗ A. $45$<br>✗ B. $45\cot(4^\circ)$<br>✗ C. $45\cos(4^\circ)$<br>✔ D. $45\tan(4^\circ)$ |

| | |
|---|---|
| Q.23 | किसी परिवार के मासिक आय में 10% की वृद्धि होती है लेकिन उनके मासिक व्यय में 20% की वृद्धि होती है। यदि उनकी मूल मासिक आय ₹45,000 थी और मासिक व्यय ₹36,000 था, तो वृद्धि के बाद नई मासिक बचत कितनी होगी? |
| Ans | ✗ A. ₹6,400<br>✗ B. ₹6,500<br>✔ C. ₹6,300<br>✗ D. ₹6,200 |

| | |
|---|---|
| Q.24 | एक मशीन की कीमत में 20% की वृद्धि की जाती है। मांग में गिरावट के कारण, वर्धित कीमत में 25% की कमी की जाती है। अंत में, कीमत में पुनः 10% की वृद्धि की जाती है। मशीन की कीमत में समग्र प्रतिशत परिवर्तन कितना है? |
| Ans | ✔ A. 1% की कमी<br>✗ B. 1.1% की कमी<br>✗ C. 1% की वृद्धि<br>✗ D. 1.1% की वृद्धि |

**Q.25** एक ग्राहक ऑनलाइन ₹1,000 का खाना ऑर्डर करता है। फ़ूड डिलीवरी ऐप, बिल पर 20% की फ्लैट प्रमोशनल छूट प्रदान करता है। इस छूट के बाद, यदि बिल की राशि ₹650 से ₹800 (दोनों शामिल) के बीच है, तो उस बिल पर 5% की अतिरिक्त छूट लागू होती है। यदि बिल में सभी ऑर्डर पर ₹80 का एक निश्चित डिलीवरी शुल्क शामिल है, तो ग्राहक को अंत में कितनी राशि का भुगतान करना होगा?

**Ans**
- ✗ A. ₹760
- ✗ B. ₹800
- ✓ C. ₹840
- ✗ D. ₹900

**Q.26** संख्याओं 3, 7.2 और 0.64 का LCM कितना है?

**Ans**
- ✗ A. 153
- ✗ B. 72
- ✓ C. 144
- ✗ D. 96

**Q.27** A और B एक काम को क्रमशः 12 और 20 दिनों में पूरा कर सकते हैं। दोनों 3 दिन काम करते हैं और फिर A काम छोड़कर चला जाता है। शेष काम को पूरा करने में B को कितने दिन लगेंगे?

**Ans**
- ✗ A. 11
- ✓ B. 12
- ✗ C. 14
- ✗ D. 13

**Q.28** एक व्यक्ति रेलगाड़ी द्वारा एक निश्चित दूरी तय करता है। यदि रेलगाड़ी 14 km/hr अधिक चाल से चलती, तो उसे 35 मिनट कम समय लगता। यदि यह 10 km/hr कम चाल से चलती, तो इसे 30 मिनट अधिक समय लगता। यात्रा के दौरान रेलगाड़ी द्वारा तय की गई दूरी ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 720 km
- ✓ B. 780 km
- ✗ C. 560 km
- ✗ D. 480 km

**Q.29** एक विद्यार्थी विलयन की 3/5 इकाई मिलाता है, फिर उसी विलयन की 0.4 इकाई मिलाता है, और अंत में 1/10 इकाई निकाल लेता है। विलयन की मात्रा में कुल परिवर्तन कितना हुआ?

**Ans**
- ✗ A. 1.0 इकाई की वृद्धि
- ✓ B. 0.9 इकाई की वृद्धि
- ✗ C. 1.5 इकाई की कमी
- ✗ D. 0.8 इकाई की कमी

**Q.30** एक व्यापारी पतलून की कुछ जोड़ी पर "दो खरीदें, एक मुफ्त पाएं" का ऑफर दे रहा है। यदि पतलून की जोड़ी का अंकित मूल्य ₹2700 है, और व्यापारी फिर भी 20% का लाभ अर्जित करता है, तो व्यापारी के लिए पतलून की एक जोड़ी का क्रय मूल्य ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. ₹ 1,550
- ✗ B. ₹ 1,450
- ✗ C. ₹ 1,600
- ✓ D. ₹ 1,500

## Section : General Awareness

**Q.31** निम्नलिखित में से कौन-सा कार्य, सिस्टम सॉफ़्टवेयर की भूमिका के लिए अनन्य है और इसका कार्य एप्लीकेशन सॉफ़्टवेयर प्रोग्राम द्वारा नहीं किया जा सकता है?

**Ans**
- ✗ A. कीबोर्ड से यूजर इनपुट स्वीकार करना और मॉनिटर पर आउटपुट प्रदर्शित करना
- ✗ B. दोहराए जाने वाले टास्क को ऑटोमेट करने के लिए प्री-रिटेन स्क्रिप्ट को एक्सीक्यूट करना
- ✗ C. हार्ड डिस्क ड्राइव पर डेटा स्टोरेज और पुनर्प्राप्ति (retrieval) को मैनेज करना
- ✓ D. CPU के प्रोसेसिंग समय के एक विशिष्ट ब्लॉक को एक नए लॉन्च किए गए प्रोग्राम को आवंटित करना

Q.32 कोणार्क स्थित सूर्य मंदिर किस हिंदू देवता को समर्पित है?

Ans
- ✔ A. सूर्य
- ✘ B. विष्णु
- ✘ C. शिव
- ✘ D. ब्रह्मा

Q.33 निम्नलिखित में से किस अनुप्रयोग हेतु मुख्यतः सुपरकंप्यूटर का उपयोग किया जाता है?

Ans
- ✘ A. ऑफिस ऑटोमेशन (Office automation)
- ✔ B. जटिल गणितीय परिकलन (Complex mathematical calculations)
- ✘ C. इंटरनेट ब्राउज़िंग (Internet browsing)
- ✘ D. वर्ड प्रोसेसिंग (Word processing)

Q.34 माउंट एटना, यूरोप का सबसे बड़ा और सबसे सक्रिय ज्वालामुखी है, जो अपनी बहुधा और अपाती उद्गारों के लिए जाना जाता है, _______ में स्थित है। फरवरी 2025 में इसके दक्षिण-पूर्वी क्रेटर के पश्चिमी भाग में स्थित एक मुख पर एक नए उद्गार का पता लगा।

Ans
- ✘ A. सर्बिया
- ✘ B. लक्ज़मबर्ग
- ✘ C. एस्टोनिया
- ✔ D. इटली

Q.35 कार्य और ऊर्जा के मापन पर एक कक्षा चर्चा में, छात्रों से इन राशियों के लिए सही SI मात्रक और विमीय सूत्र की पहचान करने को कहा जाता है। कौन-सा विकल्प, कार्य या ऊर्जा दोनों के मात्रकों को सर्वोत्तम रूप से निरूपित करता है?

Ans
- ✘ A. न्यूटन और $M L T^{-2}$
- ✔ B. जूल और $M L^2 T^{-2}$
- ✘ C. पास्कल और $M L^{-1} T^{-2}$
- ✘ D. वाट और $M L^2 T^{-3}$

Q.36 चूँकि हाइड्रोजन आयन स्वतंत्र रूप में नहीं रह सकते, लेकिन ये जल के अणुओं के साथ मिलकर रह सकते हैं, इसलिए इन्हें सदैव _______________ से दर्शाना चाहिए, जिसे $H_3O^+$ के रूप में निरूपित किया जाता है?

Ans
- ✘ A. हाइड्रोजन गैस
- ✘ B. हाइड्रोक्साइड आयन
- ✘ C. ऑक्साइड आयन
- ✔ D. हाइड्रोनियम आयन

Q.37 निम्नलिखित में से कौन-सा, भारत के 1991 के आर्थिक सुधारों के प्राथमिक उद्देश्यों में से एक था?

Ans
- ✘ A. कृषि में आत्मनिर्भरता प्राप्त करना
- ✘ B. आयात अवरोध को सुदृढ़ करना
- ✘ C. सार्वजनिक क्षेत्र की प्रभाविता को प्रोत्साहित करना
- ✔ D. अर्थव्यवस्था को वैश्विक बाजारों के लिए खोलना

Q.38 नवंबर 2025 में, भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, स्कूलों, अस्पतालों और रेलवे स्टेशनों जैसे संस्थागत सार्वजनिक स्थानों से किन जानवरों को हटाकर स्थायी रूप से स्थानांतरित किया जाना चाहिए?

Ans
- ✘ A. लावारिस गधों (Stray donkeys)
- ✔ B. लावारिस कुत्तों (Stray dogs)
- ✘ C. लावारिस बिल्लियों (Stray cats)
- ✘ D. लावारिस गायों (Stray cows)

Q.39 निम्नलिखित में से किसे जलमग्न पर्वतों की एक परस्पर जुड़ी श्रृंखला के रूप में वर्णित किया गया है, जिसमें तीव्र ज्वालामुखीय गतिविधि वाला एक केंद्रीय रिफ्ट ज़ोन होता है?

Ans
- ✗ A. गहरी समुद्र खाइयां (Deep-ocean trenches)
- ✗ B. महाद्वीपीय ढाल (Continental slope)
- ✓ C. मध्य-महासागरीय कटक (Mid-oceanic ridges)
- ✗ D. वितलीय मैदान (Abyssal plains)

Q.40 निम्नलिखित में से कौन, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का संस्थापक सदस्य नहीं था?

Ans
- ✗ A. दिनशा वाचा (Dinshaw Wacha)
- ✗ B. जॉन जार्डिन (John Jardine)
- ✗ C. विलियम वेडरबर्न (William Wedderburn)
- ✓ D. बाल गंगाधर तिलक (Bal Gangadhar Tilak)

Q.41 प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (PMAY-G) के तहत लाभार्थियों के चयन का प्राथमिक मानदंड क्या है?

Ans
- ✗ A. शैक्षणिक योग्यता
- ✓ B. सामाजिक-आर्थिक जाति जनगणना, 2011
- ✗ C. कृषि से होने वाली आय
- ✗ D. भू-स्वामित्व अभिलेख

Q.42 उत्तर-पश्चिम भारत में अचानक होने वाली शीतकालीन वर्षा के लिए कौन-सी जलवायु घटना जिम्मेदार है?

Ans
- ✗ A. स्थानिक पवन
- ✓ B. पश्चिमी विक्षोभ
- ✗ C. पुरवा पवन-तरंग
- ✗ D. जेट प्रवाह

Q.43 मार्च 2025 में निम्नलिखित में से किसने कनाडा के 24वें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली?

Ans
- ✓ A. मार्क कार्नी (Mark Carney)
- ✗ B. डोनाल्ड टस्क (Donald Tusk)
- ✗ C. जेम्स डेविड वेंस (James David Vance)
- ✗ D. क्लाउडिया शीनबाम (Claudia Sheinbaum)

Q.44 भारत में निम्नलिखित में से किस ऊर्जा संसाधन को क्षयशील और प्रदूषक माना जाता है?

Ans
- ✗ A. पवन
- ✗ B. बायो-गैस
- ✓ C. कोयला
- ✗ D. सौर

Q.45 निम्नलिखित में से कौन, प्राचीन भारत में सबसे प्रसिद्ध इंडो-ग्रीक शासक था?

Ans
- ✓ A. मिनांडर (Menander)
- ✗ B. रुद्रदामन (Rudradaman)
- ✗ C. सिकंदर (Alexander)
- ✗ D. पुष्यमित्र (Pushyamitra)

Q.46 अरुंधति रॉय का पहला पूर्ण संस्मरण (full-length memoir), जो 2025 में प्रकाशित हुआ, उसका शीर्षक ________ है।

Ans
- ✗ A. नोट्स फ्रॉम ए स्मॉल टाउन (Notes from a Small Town)
- ✗ B. वाकिंग विद्थ द ऑन्ट्स (Walking with the Ants)
- ✗ C. द मिनिस्टर ऑफ लॉस्ट स्टोरिज (The Ministry of Lost Stories)
- ✓ D. मदर मैरी कम्स टु मी (Mother Mary Comes To Me)

Q.47 खेलो इंडिया यूथ गेम्स, 2025 के शुभंकर का नाम क्या था?

Ans

✗ A. सिम्हल

✓ B. गजसिंह

✗ C. योद्धा

✗ D. हाथीशेर

Q.48 निम्नलिखित में से कौन-सा युद्ध, 1761 में मराठा साम्राज्य के उत्तरी अभियान दल और अफ़ग़ानिस्तान के शासक के गठबंधन के बीच लड़ा गया था?

Ans

✓ A. पानीपत का तृतीय युद्ध

✗ B. तराइन का द्वितीय युद्ध

✗ C. पेशावर का युद्ध

✗ D. प्रथम आंग्ल-अफगान युद्ध

Q.49 अकबर के राजस्व मंत्री टोडर मल ने फसल उपज, भूमि सर्वेक्षण और कीमतों के आधार पर एक कुशल राजस्व प्रणाली प्रारंभ की, जिसे _______ कहा जाता था।

Ans

✗ A. रैयतवाड़ी प्रणाली

✗ B. जागीरदारी प्रणाली

✗ C. मनसबदारी प्रणाली

✓ D. ज़ब्ती प्रणाली

Q.50 निम्नलिखित में से कौन, कर्नाटक संगीत से संबंधित नहीं हैं?

Ans

✓ A. रवि शंकर

✗ B. विजयलक्ष्मी सुब्रमण्यम

✗ C. डी. के. पट्टम्मल

✗ D. नित्याश्री महादेवन

Q.51 भारत की जनगणना 2011 को आधिकारिक तौर पर 1872 से चली आ रही जनगणनाओं की निरंतर श्रृंखला में किस क्रम के रूप में मान्यता प्राप्त है?

Ans

✗ A. 16वीं राष्ट्रीय जनगणना

✓ B. 15वीं राष्ट्रीय जनगणना

✗ C. 13वीं राष्ट्रीय जनगणना

✗ D. 14वीं राष्ट्रीय जनगणना

Q.52 अगस्त 2025 में असम के तिनसुकिया जिले के लाइपुली में भारतीय सेना द्वारा असम और मणिपुर के राज्य अधिकारियों के सहयोग से शुरू किए गए समन्वय शक्ति (Samanvay Shakti) अभ्यास का मुख्य उद्देश्य क्या था?

Ans

✓ A. सुरक्षा बलों, सरकारी विभागों और नागरिक संस्थानों के बीच तालमेल को बढ़ावा देने के लिए सैन्य-नागरिक एकीकरण

✗ B. भारत-म्यांमार सैन्य सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से रणनीतिक सीमा रक्षा अभ्यास

✗ C. भूकंप और बाढ़ की तैयारियों पर विशेष ध्यान देने के साथ बड़े पैमाने पर आपदा प्रबंधन का पूर्वाभ्यास

✗ D. आतंकवाद विरोधी अभियानों के लिए भारत और मित्र विदेशी देशों के बीच संयुक्त सैन्य प्रशिक्षण

Q.53 कौन-सा न्यायिक सिद्धांत, DPSP को बढ़ावा देने वाले कानूनों को कुछ मौलिक अधिकारों के उल्लंघन के लिए रद्द होने से बचाने की अनुमति देता है, बशर्ते उनकी व्याख्या सामंजस्यपूर्ण तरीके से की जाए?

Ans

✓ A. सामंजस्यपूर्ण निर्माण का सिद्धांत

✗ B. मूल संरचना का सिद्धांत

✗ C. संरक्षणात्मक विभेदन का सिद्धांत

✗ D. पृथक्करणीयता सिद्धांत

Q.54 भारतीय संविधान के अनुच्छेद 350B में निम्नलिखित में से किसकी नियुक्ति का प्रावधान निहित है?

Ans
- ✗ A. महिलाओं और बच्चों के लिए विशेष अधिकारी
- ✗ B. अन्य पिछड़े वर्गों के लिए विशेष अधिकारी
- ✗ C. अनुसूचित जाति के लिए विशेष अधिकारी
- ✓ D. भाषाई अल्पसंख्यकों के लिए विशेष अधिकारी

Q.55 निम्नलिखित में से किस मंदिर को सूर्य के 24 पहियों वाले रथ की एक भव्य प्रतिमा के रूप में वर्णित किया गया है?

Ans
- ✗ A. विरूपाक्ष मंदिर
- ✓ B. सूर्य मंदिर, कोणार्क
- ✗ C. ऐरावतेश्वर मंदिर
- ✗ D. महाबोधि मंदिर

Q.56 1931 के किस संकल्प ने सामाजिक और आर्थिक न्याय के लक्ष्यों को बढ़ावा देने वाले भारत के निदेशक तत्वों को महत्वपूर्ण रूप से प्रेरित किया था?

Ans
- ✗ A. दिल्ली संकल्प
- ✗ B. लखनऊ संकल्प
- ✗ C. लाहौर संकल्प
- ✓ D. कराची संकल्प

Q.57 केंद्रीय बजट 2025-26 के अनुसार, सरकार ने कितनी धनराशि के साथ एक समुद्री विकास कोष की स्थापना करने की घोषणा की है?

Ans
- ✓ A. ₹25,000 करोड़
- ✗ B. ₹35,000 करोड़
- ✗ C. ₹30,000 करोड़
- ✗ D. ₹20,000 करोड़

Q.58 सूचना अधिकार अधिनियम के तहत अंतिम अपीलीय प्राधिकरण कौन होता है?

Ans
- ✓ A. केंद्रीय सूचना आयोग
- ✗ B. उच्चतम न्यायालय
- ✗ C. लोकपाल
- ✗ D. उच्च न्यायालय

Q.59 भारतीय उपमहाद्वीप की दामोदर घाटी में मुख्य रूप से कौन-सा खनिज निक्षेप प्रचुर मात्रा में पाया जाता है?

Ans
- ✗ A. चूना पत्थर
- ✗ B. लोहा
- ✗ C. मैग्नीशियम
- ✓ D. कोयला

Q.60 बारी (Baryi) और न्योगा (Nyioga) निम्नलिखित में से किस राज्य के लोक संगीत रूप हैं?

Ans
- ✓ A. अरुणाचल प्रदेश
- ✗ B. मिजोरम
- ✗ C. मणिपुर
- ✗ D. त्रिपुरा

| | | |
|---|---|---|
| Q.61 | भारतीय वन सर्वेक्षण (FSI) 2021 के अनुसार, किस राज्य/केंद्र शासित प्रदेश में उसके भौगोलिक क्षेत्र के सापेक्ष वन आवरण का प्रतिशत सबसे अधिक था? | |
| Ans | ✗ A. असम<br>✗ B. आंध्र प्रदेश<br>✓ C. मिजोरम<br>✗ D. छत्तीसगढ़ | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.62 | भारतीय संविधान का अनुच्छेद 13 मुख्यत: किससे संबंधित है? | |
| Ans | ✓ A. न्यायिक समीक्षा<br>✗ B. समता का अधिकार<br>✗ C. आरक्षण नीति<br>✗ D. अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.63 | निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद, राज्य को मौलिक अधिकारों के साथ असंगत कानून बनाने से रोकता है, जो न्यायिक समीक्षा का आधार बनता है? | |
| Ans | ✗ A. अनुच्छेद 5<br>✓ B. अनुच्छेद 13<br>✗ C. अनुच्छेद 17<br>✗ D. अनुच्छेद 9 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.64 | निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प फॉस्फोरस का सही इलेक्ट्रॉनिक विन्यास दर्शाता है? | |
| Ans | ✗ A. K=2, L=5, M=8<br>✗ B. K=2, L=6, M=7<br>✓ C. K=2, L=8, M=5<br>✗ D. K=2, L=7, M=6 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.65 | निम्न में से कौन-सा डिवाइस प्रतिरूप अभिज्ञान (pattern recognition) का उपयोग करके प्रिंट किए गए टेक्स्ट को मशीन-एनकोडेड टेक्स्ट में परिवर्तित करता है? | |
| Ans | ✗ A. बारकोड रीडर<br>✗ B. OMR स्कैनर<br>✗ C. MICR रीडर<br>✓ D. OCR स्कैनर | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.66 | कई एप्लीकेशनों में फ़ाइल मेनू (File menu) को ओपन करने के लिए निम्नलिखित में से किस कुंजी संयोजन (key combinations) का उपयोग किया जाता है? | |
| Ans | ✗ A. Alt + Tab<br>✗ B. Alt + Insert<br>✓ C. Alt + F<br>✗ D. Alt + Del | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.67 | कौन-सा कार्य मुख्य रूप से मैडुला (medulla) द्वारा नियंत्रित होता है? | |
| Ans | ✗ A. स्मृति<br>✗ B. दृष्टि<br>✗ C. चिंतन<br>✓ D. अनैच्छिक क्रियाएँ | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.68 | 2025 में, ब्रिक्स (BRICS) कृषि मंत्रियों के शिखर सम्मेलन की मेजबानी किस देश ने की थी? | |
| Ans | ✗ A. इजिप्ट (Egypt)<br>✗ B. अर्जेंटीना (Argentina)<br>✗ C. वियतनाम (Vietnam)<br>✓ D. ब्राज़ील (Brazil) | |

**Q.69** संथाल विद्रोह (1855-57) में, संथालों का क्रोध मुख्यतः निम्नलिखित में से किसके विरुद्ध निर्देशित था?

**Ans**
- ✗ A. पारंपरिक ग्राम प्रधान और अपनी ही जनजाति के कबीले के मुखिया
- ✓ B. ब्रिटिश अधिकारी, जमींदार, व्यापारी और स्थानीय साहूकार
- ✗ C. दूरस्थ छावनियों में तैनात बंगाल सेना के सैनिक
- ✗ D. अकाल के दौरान निःशुल्क भोजन वितरित करने वाले मिशनरी

**Q.70** विनिवेश नीति को तब गति मिली, जब _____ में एक नए विनिवेश विभाग का गठन किया गया, जो 2001 में एक पूर्ण मंत्रालय बन गया।

**Ans**
- ✗ A. 2000
- ✓ B. 1999
- ✗ C. 1991
- ✗ D. 1992

Section : **General Intelligence and Reasoning**

**Q.71** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

BIRD FMVH JQZL NUDP ?

**Ans**
- ✗ A. RZHS
- ✗ B. SZGS
- ✗ C. SYGT
- ✓ D. RYHT

**Q.72** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। आपको दिए गए कथनों को सत्य मानना है, भले ही वे सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत हों। आपको यह तय करना है कि दिए गए कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन: कुछ बाल, तार हैं। सभी रस्सियाँ, तार हैं।
निष्कर्ष (I): कुछ बाल, रस्सियाँ हैं।
निष्कर्ष (II): सभी तार, रस्सियाँ हैं।

**Ans**
- ✗ A. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं
- ✓ B. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है
- ✗ C. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
- ✗ D. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है

**Q.73** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

HKS GMP FOM EQJ ?

**Ans**
- ✓ A. DSG
- ✗ B. PVE
- ✗ C. VTF
- ✗ D. MTC

**Q.74** एक निश्चित कूट भाषा में, 'rain calms storms' को 'gl ot fr' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'patience gently calms' को 'ot mi zp' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई भाषा में 'calms' को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाएगा?

**Ans**
- ✗ A. fr
- ✗ B. gl
- ✗ C. zp
- ✓ D. ot

**Q.75** सात डिब्बे A, B, J, E, C, T और S एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि उनका क्रम यही हो। E के नीचे केवल T को रखा गया है। J के ऊपर केवल A को रखा गया है। J और S के बीच केवल C को रखा गया है। B और T के बीच कितने डिब्बे रखे गए हैं?

**Ans**

✔ A. एक

✗ B. तीन

✗ C. दो

✗ D. एक भी नहीं

---

**Q.76** दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आएगा?

17 30 56 95 147 ?

**Ans**

✗ A. 252

✗ B. 225

✔ C. 212

✗ D. 221

---

**Q.77** दी गई संख्या शृंखला का संदर्भ लीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है। सभी संख्याएं एकल-अंकीय हैं।

(बाएं) 9 2 3 1 4 5 6 8 5 4 3 2 1 9 3 4 5 6 7 8 1 2 9 8 3 4 5 2 6 8 2 (दाएं)

ऐसे कितने विषम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम अंक है और ठीक बाद एक विषम अंक है?

**Ans**

✗ A. एक भी नहीं

✔ B. दो

✗ C. तीन

✗ D. एक

---

**Q.78** निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह, दी गई शृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) को प्रतिस्थापित करेगा?

HDZM 42 BYFR 36 VTLW 30 PORB 24 ?

**Ans**

✗ A. KJYH 18

✗ B. KKXG 16

✔ C. JJXG 18

✗ D. JKYH 16

---

**Q.79** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

**Ans**

✔ A. PI-KM

✗ B. IB-DG

✗ C. KD-FI

✗ D. NG-IL

---

**Q.80** दिए गए कथनों और निष्कर्षों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही यह सामान्यत: ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन: कोई भी संतरा, खुबानी नहीं है। सभी खुबानी, सेब हैं।

निष्कर्ष 1: कोई भी सेब, संतरा नहीं है।
निष्कर्ष 2: कुछ संतरा, सेब हैं।

**Ans**

✗ A. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है

✔ B. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है

✗ C. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं

✗ D. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है

Q.81 यदि ‘A’ का अर्थ ‘÷’ है, ‘B’ का अर्थ ‘x’ है, ‘C’ का अर्थ ‘+’ और ‘D’ का अर्थ ‘-’ है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न ‘?’ के स्थान पर क्या आएगा?

10 B 3 D 45 A 9 C 2 = ? D 18

Ans
- ✗ A. 55
- ✗ B. 50
- ✓ C. 45
- ✗ D. 40

Q.82 यदि ‘+’ और ‘−’ को आपस में बदल दिया जाए तथा ‘×’ और ‘÷’ को आपस में बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

24 ÷ 5 – 11 + 70 × 14 = ?

Ans
- ✓ A. 126
- ✗ B. 120
- ✗ C. 122
- ✗ D. 123

Q.83 निम्नलिखित संख्या-युग्मों में, पहली संख्या पर एक निश्चित गणितीय संक्रिया करने पर दूसरी संख्या प्राप्त होती है। उस समुच्चय का चयन कीजिए, जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार संबंधित हैं, जिस प्रकार निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएँ संबंधित हैं।

(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएँ केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

7 - 14
45 - 90

Ans
- ✗ A. 42 - 82
- ✗ B. 8 - 17
- ✓ C. 70 - 140
- ✗ D. 12 - 34

Q.84 अंग्रेजी वर्णानुक्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोटः असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ A. TNH
- ✗ B. YSM
- ✗ C. RLF
- ✓ D. WOK

Q.85 P, Q की बहन है। Q, S का भाई है। T, X का पिता है। X, S का पुत्र है। P का X से क्या संबंध है?

Ans
- ✗ A. बहन
- ✗ B. माता
- ✗ C. पिता की माता
- ✓ D. माता की बहन

Q.86 वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार में से तीन एक निश्चित रूप से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है)

Ans
- ✗ A. LOQ
- ✗ B. NQS
- ✗ C. SVX
- ✓ D. KNQ

Q.87 निम्नलिखित श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। (गिनती केवल बाएं से दाएं की ओर की जानी है।) (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं।)
(बाएं) 7 3 5 2 3 5 3 5 2 2 5 2 5 2 5 6 5 4 6 5 4 9 9 8 5 5 2 (दाएं)
ऐसे कितने सम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक पूर्ण वर्ग और ठीक बाद एक सम अंक है? (नोट: 1 भी एक पूर्ण वर्ग है।)

Ans
- ✔ A. एक भी नहीं
- ✘ B. एक
- ✘ C. दो
- ✘ D. तीन

Q.88 J, U, N, I, O, R और S एक गोल मेज़ के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। S, R के बाएं चौथे स्थान पर बैठा है। O, U के दाएं चौथे स्थान पर बैठा है। R के बाएं से गिनने पर, R और U के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। N, O या R का निकटतम पड़ोसी नहीं है। J, N का निकटतम पड़ोसी नहीं है। I के दाएं तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans
- ✘ A. R
- ✘ B. S
- ✔ C. J
- ✘ D. U

Q.89 यदि संख्या 8945317 के प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो मूल संख्या की तुलना में कितने अंकों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?

Ans
- ✘ A. एक
- ✘ B. एक का भी नहीं
- ✔ C. दो
- ✘ D. तीन

Q.90 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर एक निश्चित तरीके से NQTM का संबंध ILOH से है। उसी प्रकार, UOLG का संबंध PJGB से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, HRPW का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

Ans
- ✘ A. LFTS
- ✘ B. PDRT
- ✘ C. NTGY
- ✔ D. CMKR

Q.91 एक निश्चित कूट भाषा में,
A ≤ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है',
A ≠ B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है',
A @ B का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है'और
A ~ B का अर्थ है कि 'A, B की बहन है।

उपरोक्त के आधार पर, यदि 'R ≠ A @ N ≤ C ~ O' है, तो R का O से क्या संबंध है?

Ans
- ✘ A. पत्नी की बहन
- ✘ B. पिता की माता
- ✔ C. भाई की पत्नी
- ✘ D. पत्नी

Q.92 पलाश बिंदु Y से ड्राइव करना शुरू करता है और पश्चिम दिशा में 25 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएँ मुड़कर 23 km ड्राइव करता है, और फिर दाएँ मुड़कर 51 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएँ मुड़कर 16 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएँ मुड़कर 31 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएँ मुड़कर 35 km ड्राइव करता है, और फिर बाएँ मुड़कर 45 km ड्राइव करके बिंदु Z पर रुक जाता है। बिंदु Y पर पुनः पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक अन्यथा निर्दिष्ट न हो, सभी मोड़ केवल 90° के मोड़ हैं।)

Ans
- ✘ A. 77 km; उत्तर की ओर
- ✘ B. 73 km; दक्षिण की ओर
- ✘ C. 71 km; दक्षिण की ओर
- ✔ D. 74 km; उत्तर की ओर

| | | |
|---|---|---|
| Q.93 | दी गई शृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?<br><br>184 164 146 130 116 104 ? | |
| Ans | ✗ A. 96<br>✗ B. 91<br>✗ C. 89<br>✓ D. 94 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.94 | सात व्यक्ति A, B, D, J, O, T और Z एक पंक्ति में उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। T के बाएँ केवल D बैठा है। D और A के बीच केवल चार व्यक्ति बैठे हैं। Z और B के बीच केवल O बैठा है तथा Z, A का निकटतम पड़ोसी नहीं है। T के ठीक बाएँ पड़ोस में कौन बैठा है? | |
| Ans | ✗ A. B<br>✗ B. Z<br>✗ C. A<br>✓ D. D | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.95 | निम्नलिखित अक्षर शृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।<br><br>(बाएं) Z K J H G F D S T U I A W Q P L M N B X (दाएं)<br><br>शृंखला के दाएं छोर से पांचवें अक्षर और बाएं छोर से चौथे अक्षर के बीच, अंग्रेजी वर्णमाला शृंखला में कितने अक्षर हैं? | |
| Ans | ✗ A. एक<br>✗ B. तीन से अधिक<br>✗ C. दो<br>✓ D. तीन | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.96 | एक निश्चित तरीके से JK 9 का संबंध MJ -7 से है। उसी प्रकार, PQ 4 का संबंध SP -12 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, QR 13 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है? | |
| Ans | ✗ A. GH-4<br>✓ B. TQ -3<br>✗ C. TM -6<br>✗ D. YT -1 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.97 | सात डिब्बे A, B, C, D, E, F और G एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि उनका क्रम यही हो। C और A के बीच केवल चार डिब्बे रखे गए हैं। C के ऊपर केवल F को रखा गया है। D और B के बीच केवल दो डिब्बे रखे गए हैं। G को E के ठीक ऊपर रखा गया है। B को G के ठीक ऊपर नहीं रखा गया है। E के ठीक नीचे कौन-सा डिब्बा रखा गया है? | |
| Ans | ✓ A. B<br>✗ B. A<br>✗ C. F<br>✗ D. G | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.98 | सात डिब्बे M, N, O, P, X, Y और Z एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे गए हों।<br>Y को नीचे से दूसरे स्थान पर रखा गया है। Y और O के बीच केवल तीन डिब्बे रखे गए हैं। X को Y के नीचे किसी एक स्थान पर रखा गया है। O और P के बीच केवल N को रखा गया है। M को O के ऊपर किसी एक स्थान पर रखा गया है।<br>X और M के बीच कितने डिब्बे रखे गए हैं? | |
| Ans | ✓ A. पांच<br>✗ B. चार<br>✗ C. तीन<br>✗ D. एक | |

Test Prime By Adda247


# Previous Year Papers PDF

PRACTICE MORE, SCORE HIGHER!

PDF

**Free 25,000+ PDF's**

High-Quality | Exam-Wise | Updated Regularly




**ATTEMPT AS MOCK**

Turn PDFs into real exam experience.
Analyze. Improve. Succeed.

- Topic-wise & Exam-wise PDFs
- Download & Study Offline
- Attempt as Mock & Track Score
- Smart Analysis & Performance

AVAILABLE IN

Banking | SSC | Railway | Teaching | UGC | Agriculture | Nursing

Bihar | UP | Punjab | WB | Odisha | TN | AP & Telangana | Haryana

DOWNLOAD THE APP

Q.99 एक निश्चित कूट भाषा में, 'PACK' को '1376' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'CAKE' को '7615' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'E' का कूट क्या होगा?

Ans
- ✔ A. 5
- ✘ B. 7
- ✘ C. 6
- ✘ D. 1

Q.100 एक निश्चित तरीके से NJ 9 का संबंध QN −9 से है। उसी तरीके से, OR 13 का संबंध RV −5 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, VR 19 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

Ans
- ✘ A. CX 5
- ✔ B. YV 1
- ✘ C. VZ 3
- ✘ D. YX 6

"